# बिहार विधान-सभा सचिवालय

बुधवार, तिथि २० मई, १९७०।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा-सदन में बुधवार, तिथि २० मई, १९७० को पूर्वाह्न ७ बजे अध्यक्ष, श्री राम नारायण मंडल के सभापतित्व में प्रारंभ हुआ।

(इस अवसर पर अध्यक्ष ने आसन ग्रहण किया।)

अल्प-सूचित प्रश्न संख्या ६ के सम्बन्ध में चर्चा।

(श्री विजय कुमार यादव की अनुपस्थिति में श्री अम्बिका प्रसाद के अनुरोध पर प्रश्न पूछा गया।)

श्री रामेश्वर पासवान—इसके लिए समय चाहिए।

श्री अम्बिका प्रसाद—अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न बहुत दिनों से लंबित है। यह ऐसा प्रश्न है जिसमें काफी गोलमाल है। १२ एकड़ जमीन की बन्दोबस्ती मात्र ८३ रुपये में कर दी गयी है। समय मांगने का मतलब है कि इस प्रश्न को दबा देना चाहते हैं। इसलिए आदेश दिया जाय कि इसका उत्तर जरूर दिया जाय।

अध्यक्ष—अगली तिथि को इसका उत्तर जरूर दिया जाय।

श्री रामेश्वर पासवान—अगली तिथि को इसका उत्तर दिया जायगा।

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर:

### असैनिक सहायक शल्य-चिकित्सक का वेतनमान।

८। श्री विपिन बिहारी सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि वेतन आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर बिहार सरकार ने अपने प्रस्ताव संख्या पी०-आर० ४२-८५/५५—५३२-१११, दिनांक १७ जुलाई १९६५ के द्वारा असैनिक सहायक शल्य-चिकित्सकों के वेतनमान को ठीक करने का फैसला लिया था;

## पुल का निर्माण।

२१७। श्री रामराज प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फतुहा-हिलसा रोड में महुवमाइन नदी का पुल जुलाई, १९६९ में टूट गया है;

(२) क्या यह बात सही है कि इस पुल की मरम्मत की गई है परन्तु लिख दिया गया है कि लोग अपने रिस्क पर पार कर सकते हैं,

(३) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक इस सड़क को परिवहन के लिए चालू करने जा रही है और कब तक नया पुल बन कर तैयार हो जायगा ?

मंत्री, लोक-निर्माण विभाग—(१) यह सही है कि यह १ जून, १९६९ को टूटा था।

(२) पुल की मरम्मत के बाद ऐसा साइन बोर्ड हटा दिया गया। अभी ६ टन की गाड़ी के लिए पुल ठीक है।

(३) नये पुल के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता होगी जो निधि की उपलब्धि पर निर्भर है, तब तक के लिए ६ टन वजन की ट्रक के जाने-आने के लिए मरम्मती कर दी गयी।

---

## गंगा नदी पर पुल का निर्माण।

२१९। श्री ननी गोपाल मिश्र—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना में गंगा नदी पर पुल बनाने की योजना सरकार के समक्ष विचाराधीन है यदि हां तो यह किस स्थिति में है और उसमें कितनी राशि का खर्च बिहार सरकार करेगी ?

मंत्री, लोक-निर्माण विभाग—गंगा नदी पर पटना के निकट पुल निर्माण की योजना अभी सरकार के समक्ष सक्रिय रूप में विचाराधीन है।

इस योजना का अनुमानित व्यय लगभग २५ करोड़ रुपए है। चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में लगभग ९ करोड़ रुपए व्यय होने की संभावना है जिसका ५० प्रतिशत केन्द्रीय सरकार ने ऋण सहायता के रूप में देना स्वीकार किया है और ठीक उतनी ही राशि राज्य सरकार अपनी राज्य योजना से उपलब्ध करेगी।